Training & Placement Cell

Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date: 10th April, 2023

Job Notification from Staff Selection Committee for forthcoming Vacancies

नौकरियों का अवसर; ग्रुप-1 सब ग्रुप-1 व ग्रुप-2 सब ग्रुप-1 संयुक्त भर्ती परीक्षा-2023 का नोटिफिकेशन जारी

कर्मचारी चयन मंडल 1978 पदों पर करेगा भर्ती, सबसे ज्यादा 1852 पोस्ट ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की

इंदौर/भोपाल | DB Star

मप्र कर्मचारी चयन मंडल ने ग्रुप-1 सब ग्रुप-1 एवं ग्रुप-2 सब ग्रुप-1संयुक्त भर्ती परीक्षा-2023 के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। यह भर्ती परीक्षा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी (कार्यपालिक) के पदों और ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी (कार्यपालिक) एवं अन्य समकक्ष पदों के लिए होगी। ऑनलाइन आवेदन 17 अप्रैल से 1 मई तक जमा होंगे। परीक्षा 15 जुलाई से शुरू होगी। इस संयुक्त परीक्षा के माध्यम से कुल 1978 पदों पर भर्ती होगी। इसमें किसान कल्याण तथा कृषि विकास, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के लिए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी सहित विभिन्न पदों पर 1946 पद शामिल है।

उम्मीदवार की आयु की गणना 1 जनवरी 2023 से होगी

परीक्षा 15 जुलाई से शुरू होगी। अनारक्षित वर्ग के लिए आवेदन की फीस 500 रुपए और आरक्षित वर्ग के लिए 250 रुपए है। बैकलॉग सीधी भर्ती के लिए कोई फीस नहीं लगेगी। उम्मीदवार की आयु की गणना 1 जनवरी 2023 से की जाएगी। खुली प्रतियोगिता से सीधी भर्ती के भरे जाने वाले पदों के लिए आयु सीमा 18 से 40 वर्ष है।

73% आरक्षण... इस ग्रुप-1 सबग्रुप-1 और ग्रुप-2 सबग्रुप-1 संयुक्त भर्ती परीक्षा-2023 में भी 73 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। एसटी को 20 प्रतिशत, एससी को 16 प्रतिशत, ओबीसी को 27 प्रतिशत और ईडब्ल्यूएस को 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

दो शिफ्ट में होगी परीक्षा... परीक्षा दो शिफ्ट में होगी। पहली शिफ्ट में 9 से 12 बजे तक होगी। उम्मीदवारों को सुबह 7 से 8 बजे तक रिपोर्टिंग करनी होगी। दूसरी शिफ्ट में परीक्षा दोपहर 2.30 बजे से 5.30 बजे तक होगी। दोपहर 12.30 से 1.30 बजे तक रिपोर्टिंग करनी होगी।

200 अंक का होगा एक पेपर... परीक्षा में केवल एक प्रश्नपत्र रहेगा। इसमें 100 अंक के सामान्य ज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी, गणित, तार्किक योग्यता, विज्ञान, कंप्यूटर ज्ञान और 100 अंक के संबंधित विषय पर आधारित और पदों अर्हता अनुसार प्रश्न पूछे जाएंगे। कुल 200 अंक का पेपर होगा।

ANIL MISHRA
(Training & Placement Officer)